नरेन की कसी हुई गेंदबाजी के कारण बल्लेबाज उनके खिलाफ बड़े शॉट खेलने से हिचकिचाते हैं। उनके पास विविधताएं और सटीकता भी है।
- आकाश चोपड़ा

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, सुनील नरेन की गेंदबाजी की तारीफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ हार्दिक पंड्या

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद माना कि उनकी टीम लगभग 20 रन कम बना सकी। हार्दिक का मानना है कि अगर वह या तिलक वर्मा में से कोई एक बल्लेबाज थोड़ी देर और क्रीज पर टिक जाता, तो मुंबई के पास मुकाबला जीतने का अच्छा मौका होता। कोलकाता की पिच को लेकर हार्दिक ने कहा कि उन्हें ऐसी विकेट पर खेलना पसंद है, जहां गेंदबाजों को भी मदद मिले। उन्होंने कहा, मुझे ऐसी विकेट पर खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, जहां गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती हो।

क्या आप जानते हैं ?... टीम इंडिया ने कभी फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लिया है, लेकिन 1956 के ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना भारत की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि है।

चेन्नई बाहर, गुजरात ने थमाई ऐतिहासिक हार

सुदर्शन, गिल और बटलर के अर्धशतक, 3 गेंदबाजों ने 3-3 विकेट लिये

अहमदाबाद, 21 मई। गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को आईपीएल 2026 के 66वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रनों से हराया। इस जीत के साथ गुजरात ने पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 में अपनी जगह बरकरार रखी है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2026 में सफर खत्म हो गया है। गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाए, इसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 13.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। चेन्नई के लिए शिवम दुबे ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। गुजरात के लिए मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा और राशिद खान ने 3-3 विकेट लिए। गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाए हैं। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। इसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स को संजू सैमसन के रूप में पहला झटका लगा। वह खाता नहीं खोल सके। ऋतुराज गायकवाड 7 गेंद में 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कार्तिक शर्मा रन आउट हुए। शिवम दुबे 17 गेंद में 47 रन बनाकर पवेलियन लौटे। गुजरात टाइटंस को शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने दमदार शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी हुई।

संजू सैमसन की उंगली में लगी चोट

अहमदाबाद, 21 मई। चेन्नई सुपर किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस की पारी के दूसरे ही ओवर में संजू सैमसन को चोट लगी। विकेट के पीछे गेंद रोकने के प्रयास में उन्हें ये चोट लगी। गेंद उनकी दस्ताने को छूकर बाउंड्री की तरफ चली गई। लेकिन गेंद लगने के कारण उनकी उंगली में सूजन थी, जिसके बाद दर्द के कारण उन्होंने बाहर जाने का फैसला किया। चेन्नई ने उनकी जगह उर्विल पटेल को ग्लव्स थमाया है। पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात टाइटंस को शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 125 रन की साझेदारी हुई।

गुजरात टाइटंस की पारी के दूसरे ओवर में संजू सैमसन चोटिल हुए। स्पेंसर जॉनसन के ओवर की तीसरी गेंद लेग साइड की तरफ जाने के बाद लेट स्विंग हुई और संजू सैमसन की बाईं साइड से होते हुए बाउंड्री पर गई। संजू दाईं तरफ गेंद पकड़ने के लिए गए लेकिन गेंद ने विकेट को पार करने के बाद दिशा बदली और जब तक संजू गेंद की लाइन में आते गेंद उनके ग्लव्स को छूते हुए मैदान के बाहर चली गई। हालांकि इस दौरान संजू सैमसन को उंगली में चोट लगी और वह दर्द में दिखे, जिसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ से बात करके वह मैदान से बाहर चले गए। फील्ड पर मेडिकल टीम ने उनका इलाज किया लेकिन उन्हें आराम नहीं मिला। इसके बाद उर्विल पटेल ने विकेटकीपिंग की।

कार्तिक पर्पल कैप की दौड़ में पांचवें स्थान पर पहुंचे, भुवनेश्वर शीर्ष पर कायम

नई दिल्ली, 21 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) जैसी बड़ी टीमों के लिए इस सीजन कोई बल्लेबाज या गेंदबाज लगातार सुर्खियों में नहीं रहा, लेकिन अब केकेआर के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने शानदार प्रदर्शन से पर्पल कैप की रेस में बड़ी छलांग लगा दी है।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में कार्तिक त्यागी ने 2 विकेट लेकर पर्पल कैप तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया। उन्होंने तिलक वर्मा का अहम विकेट लिया, जबकि पारी की आखिरी गेंद पर दीपक चाहर को आउट कर सीजन में अपने विकेटों की संख्या 18 तक पहुंचा दी। सीजन की शुरुआत में कार्तिक त्यागी का प्रदर्शन शांत रहा था, लेकिन अब वह केकेआर के लिए लगातार मैच जिताऊ गेंदबाजी कर रहे हैं। कोलकाता ने पिछले सात मुकाबलों में छह जीत दर्ज कर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत की हैं।

शतक से चूकने के बावजूद सुदर्शन ने सहवाग के दमदार क्लब में मारी एंट्री

// आईपीएल में सात साल बाद हुआ ऐसा //

अहमदाबाद, 21 मई। गुजरात टाइटंस के ओपनर साई सुदर्शन का आईपीएल 2026 में एक बार फिर बल्ला गरजा। वह गुरुवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 16 रनों से शतक से चूक गए। उन्होंने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 53 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की बदौलत 84 रन बटोरे। यह उनका मौजूदा सीजन में सातवां और लगातार पांचवां पचास प्लस स्कोर था। उन्होंने 84 रनों की पारी से पहले नाबाद 53, 61, 55 और 57 रनों का योगदान दिया। 24 वर्षीय सुदर्शन एक शतक भी लगा चुके हैं। हालांकि, सुदर्शन ने सीजन में दूसरे शतक से चूकने के बावजूद कमाल कर दिया। उन्होंने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के दमदार क्लब में एंट्री मारी है।

आईपीएल में 7 साल बाद हुआ ऐसा

दरअसल, सुदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांच पारियों में पचास प्लस रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बन गए हैं। आईपीएल में सात सालों के बाद किसी खिलाड़ी ने यह कारनामा अंजाम दिया है। सुदर्शन से पहले ऐसा डेविड वॉर्नर ने किया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर वॉर्नर ने आईपीएल 2019 में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से लगातार पांच पचास प्लस स्कोर बनाए। इंग्लैंड के विकेटीकपर जोस बटलर ने 2018 में ऐसा किया। वह तब राजस्थान रॉयल्स में थे। बटलर अब गुजरात टीम हिस्सा हैं। आईपीएल में सबसे पहले लगातार पांच पचास प्लस स्कोर सहवाग ने बनाए थे। उन्होंने 2012 में यह कमाल किया था। वह तब दिल्ली फ्रेंचाइजी में थे। आईपीएल में सबसे ज्यादा ओपनिंग पार्टनरशिप रन: 2220 – डेविड वॉर्नर, शिखर धवन, 1942 – शुभमन गिल, साई सुदर्शन, 1890 – विराट कोहली, फाफ डूप्लेसी, 1755 – अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, 1547 – रोहित शर्मा, ईशान किशन।

हॉकी इंडिया ने घोषित की अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष टीम, केतन कुशवाहा होंगे कप्तान

भोपाल, 21 मई। हॉकी इंडिया ने जापान में होने वाले पुरुष अंडर-18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून तक खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन भोपाल स्थित उदय दास मेहता (भाई जी) केंद्रीय साई केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बाद किया गया। टीम के कोचिंग स्टाफ में पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल रहे। टीम ने टूर्नामेंट की तैयारी के तहत ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 टीम के खिलाफ चार मैचों की एक्सपोजर सीरीज भी खेली। फॉरवर्ड खिलाड़ी केतन कुशवाहा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मुकाबला जीता, एक हारा जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। एशिया कप में भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 मई को कजाकिस्तान के खिलाफ करेगा। इसके बाद 31 मई को मेजबान जापान से मुकाबला होगा। भारतीय टीम 1 जून को दक्षिण कोरिया और 3 जून को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 5 जून को और फाइनल 6 जून को खेला जाएगा।

भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम:

गोलकीपर: सावन कुमार, आयुष रजक

डिफेंडर: अंश बहुत्रा, अरमान सोरेंग, आशीष तानी पूर्ति, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी, रोमित पाल

मिडफील्डर: राहुल यादव, प्रेमचंद सोय, वरिंदर सिंह, करण गौतम, सिद्धार्थ बेन

फॉरवर्ड: केतन कुशवाहा (कप्तान), आकाश दीप, गाजी खान, शाहरुख अली, प्रह्लाद राजभर।

पांड्या पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली, 21 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आचार संहिता उल्लंघन के चलते 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

डोपिंग गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में लाने की तैयारी, खेल मंत्रालय ने मसौदा संशोधन पर मांगें सुझाव

नई दिल्ली, 21 मई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने डोपिंग से जुड़ी संगठित गतिविधियों को अपराध घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्तावित कानून संशोधनों के मसौदे पर सार्वजनिक परामर्श जारी करके मंत्रालय ने खिलाड़ियों, खेल संगठनों और अन्य हितधारकों से 18 जून तक सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य खेलों में प्रतिबंधित प्रदर्शन बढ़ाने वाले पदार्थों और तरीकों की तस्करी, अवैध आपूर्ति, प्रशासन और व्यावसायिक वितरण से जुड़े संगठित नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करना है। मंत्रालय के अनुसार नए प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित पदार्थों और तरीकों की तस्करी, अवैध बिक्री और वितरण, खिलाड़ियों को डोपिंग के उद्देश्य से प्रतिबंधित पदार्थ देना, नाबालिग खिलाड़ियों को ऐसी सामग्री उपलब्ध कराना, डोपिंग से जुड़े संगठित अपराध और व्यावसायिक गतिविधियां, बिना निर्धारित लेबलिंग के प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री तथा डोपिंग को बढ़ावा देने वाले विज्ञापन और भुगतान आधारित प्रचार को अपराध की श्रेणी में लाया जाएगा। इन संशोधनों का मुख्य निशाना डोपिंग नेटवर्क से जुड़े तस्कर, अवैध सप्लायर, संगठित गिरोह और बेईमान सहयोगी स्टाफ होंगे।

खिलाड़ियों को आपराधिक कार्रवाई से संरक्षण – मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि केवल डोप टेस्ट में पॉजिटिव आने या एंटी-डोपिंग नियम उल्लंघन के आधार पर खिलाड़ियों को आपराधिक मामलों में आरोपी नहीं बनाया जाएगा। खिलाड़ियों से जुड़े एंटी-डोपिंग मामलों का निपटारा मौजूदा एंटी-डोपिंग ढांचे के तहत ही किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधनों में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि स्वच्छ खिलाड़ियों के हित सुरक्षित रहें और खेलों का दुरुपयोग करने वाले आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो सके।

चिकित्सकीय छूट और आपातकालीन स्थिति को भी ध्यान में रखा गया – प्रस्तावित ढांचे में वैध चिकित्सकीय उपयोग छूट प्राप्त खिलाड़ियों और आपातकालीन चिकित्सा परिस्थितियों में प्रतिबंधित पदार्थों के वैध उपयोग करने वाले डॉक्टरों के लिए भी सुरक्षा प्रावधान शामिल किए गए हैं।

राजस्थान सीनियर विमेंस फुटबॉल लीग

जिंक ने रॉयल एफसी को हराया

जयपुर, 21 मई। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में जयपुर स्थित राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड पर प्रथम राजस्थान सीनियर विमेंस फुटबॉल लीग के दूसरे दिन रॉयल फुटबॉल क्लब, जयपुर और जिंक फुटबॉल एकेडमी, उदयपुर के मध्य लीग मुकाबला खेला गया। गुरुवार को खेले गए एकमात्र मुकाबले में जिंक ने रॉयल एफ सी पर 2 – 0 से जीत दर्ज की। जिंक की तरफ से गोल 22 नंबर जर्सी मोना ने 64 वें तथा 19 नंबर जर्सी सविता ने 90 4 मिनट में गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच जिंक की मोना को चुना गया। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान फुटबॉल संघ पहली बार महिला फुटबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान फुटबॉल संघ प्रदेश में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा महिलाओं की फुटबॉल में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस लीग की शुरुआत की गई है। प्रतियोगिता में राज्य के पांच पेशेवर क्लब – जिंक फुटबॉल एकेडमी – उदयपुर, जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब जयपुर, रॉयल फुटबॉल क्लब जयपुर, मगन सिंह राजवी फुटबॉल एकेडमी बीकानेर, एवं रियल जयपुर फुटबॉल क्लब जयपुर, की टीम हिस्सा ले रहीं है। मैच में भैरुरतन ओझा ने मैच कमिश्नर की भूमिका निभाई, जबकि जावेद, पवन, आसिफ और नंदनी ने निर्णायक की जिम्मेदारी संभाली।

आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला प्रतियोगिता हेतु जिले की टीम का चयन ट्रायल 23 मई को

दौसा, 21 मई। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला प्रतियोगिता 02 जून से आयोजित की जाएगी जिसके लिए जिले की टीम का चयन ट्रायल दिनांक 23.05.2026 शनिवार को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम पर सुबह 8:00 बजे होगी और उनके दस्तावेज भी चेक जाएंगे इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 15 वर्ष से ऊपर की महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकती है। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि दौसा जिले की महिला टीम ने गत वर्ष पुरुष वर्ग की टीम से तुलना में बेहतरिन प्रदर्शन किया गत वर्ष दोसा की टीम ने सीनियर महिला चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक जगह बनाई और बेटियों ने दौसा का नाम रोशन किया था इस वर्ष भी अच्छी टीम बनाने का जिला क्रिकेट संघ प्रयास करेगा जिले में महिला खिलाड़ी कम होने करण प्रोफेशनल खिलाड़ी लिए जाएंगे।

विश्व कप जीतने को आदत बनाना चाहती है भारतीय महिला क्रिकेट टीम : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, 21 मई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद महिला टी-20 विश्व कप से पहले बड़ा बयान देते हुए कहा है कि भारतीय टीम अब सिर्फ एक बार विश्व कप जीतकर संतुष्ट नहीं है, बल्कि वह विश्व कप जीतने को अपनी आदत बनाना चाहती है।

हरमनप्रीत ने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक पल थी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रॉफी जीतना नहीं था, बल्कि इसने देश की युवा लड़कियों को यह भरोसा दिलाया कि वे भी दुनिया के सबसे बड़े मंच तक पहुंच सकती हैं।हरमन ने गुरुवार को आईसीसी के हवाले से कहा, 2025 विश्व कप की जीत ने हमें आत्मविश्वास दिया, लेकिन वह सिर्फ शुरुआत थी। अब हमारी कोशिश है कि जीत हमारी पहचान बने। उस सफलता के बाद जिम्मेदारियां और उम्मीदें दोनों बढ़ी हैं। दबाव जरूर है, लेकिन यह सकारात्मक दबाव है।

भारतीय कप्तान ने बताया कि टीम ने टी-20 विश्व कप की तैयारी विश्व कप 2025 जीतने के तुरंत बाद शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखलाओं ने टीम को अपनी कमियों और मजबूती को समझने का मौका दिया।हरमनप्रीत ने टीम प्रबंधन और बीसीसीआई की तैयारियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हुए प्रशिक्षण शिविरों से टीम को काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन है। खिलाड़ियों में निडरता है और जीत की भूख भी। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) ने भारतीय महिला क्रिकेट को नई दिशा दी है। इस लीग ने नए खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने और दबाव झेलने का अनुभव दिया। हरमनप्रीत ने टीम के माहौल को भी खास बताया। सहयोगी स्टाफ ने ड्रेसिंग रूम में बेहद सकारात्मक वातावरण बनाया है, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है।

उन्होंने 2017 विश्व कप की यादों को भी साझा किया, जब इंग्लैंड में उनके 171 रन की पारी ने भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान दिलाई थी।उन्होंने कहा, 2017 विश्व कप मेरे जीवन का अहम मोड़ था। उस टूर्नामेंट के बाद लोगों ने भारतीय महिला क्रिकेट को गंभीरता से लेना शुरू किया। तब से महिला क्रिकेट लगातार आगे बढ़ा है। अंत में हरमनप्रीत ने कहा कि टीम का लक्ष्य लगातार बेहतर प्रदर्शन करना और भारतीय महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

अंडर-23 प्रतियोगिता को टी-20 फॉर्मेट में आयोजित किये जाने की रूपरेखा तैयार : डॉ. मोहित

जयपुर, 21 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी ने कुछ सप्ताह पूर्व ही अंडर-23 प्रतियोगिता को कलर्ड क्लोदिंग एवं व्हाइट बॉल के साथ टी-20 फॉर्मेट में आयोजित करने को लेकर गहन चर्चा करते हुए राज्य स्तरीय अंडर 23 प्रतियोगिता को टी 20 फ़ॉर्मेट में आयोजित करने की अंतिम रुपरेखा तैयार की जा रही थी व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा पुरुष अंडर-23 प्रतियोगिता को टी-20 फॉर्मेट में आयोजित किए जाने की घोषणा के बाद आरसीए एडहॉक कमेटी की सोच और निर्णय को और मजबूती मिली है। आरसीएएडहॉक कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवीके अनुसार क्रिकेट के बदलते स्वरूप और राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप अब आरसीए की अंडर-23 प्रतियोगिता कलर्ड क्लोदिंग एवं व्हाइट बॉल के साथ टी-20 फॉर्मेट में आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को आधुनिक घरेलू क्रिकेट के अनुरूप बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान करना, भविष्य के लिए तैयार करना तथा राजस्थान से अधिक खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग एवं उच्च स्तर के क्रिकेट तक पहुंचाने में सहायता करना है।

आरसीए नागौर जिला (कॉल्विन शील्ड) टीम की अधिकृत ओपन चयन ट्रायल 23 को नागौर में आयोजित होगा

जयपुर, 21 मई। आरसीए करौली जिला (कॉल्विन शील्ड) टीम की अधिकृत ओपन चयन ट्रायल 24 मई को जयपुर में आयोजित होगा। आरसीए के तत्वाधान में आयोजित होने वाली आगामी राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली नागौर जिला क्रिकेट संघ सीनियर कॉल्विन शील्ड टीम के चयन के लिए आरसीए द्वारा अधिकृत ओपन चयन ट्रायल आगामी 23 मई को प्रात: 10.00 बजे सेठ किशन लाल कांकरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नागौर पर आयोजन किया जाएगा। आरसीए द्वारा नागौर जिला (कॉल्विन शील्ड) टीम की अधिकृत ओपन चयन ट्रायल के लिए अनिल सिन्हा व जाकिर हुसैन को चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज साथ लाना आवश्यक है :- कंप्यूटर जनरेटेड जन्म प्रमाण पत्र (अनिवार्य), बोनाफाइड प्रमाण पत्र (अनिवार्य), पिछले तीन वर्षों के स्कूल / कॉलेज की मार्क्स शीट, आधार कार्ड /वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/पैन कार्ड, आरसीए करौली जिला (कॉल्विन शील्ड) टीम की ऑफिशियल ओपन सिलेक्शन ट्रायल 24 मई को जयपुर में होगा। आरसीए के तत्वाधान में होने वाली आगामी स्टेट लेवल सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली करौली जिला क्रिकेट संघ सीनियर कॉल्विन शील्ड टीम के सिलेक्शन के लिए आरसीए द्वारा ऑफिशियल ओपन सिलेक्शन ट्रायल आगामी 24 मई को प्रात: 10.00 बजे आरसीए अकादमी पर आयोजन किया जाएगा। आरसीए द्वारा करौली जिला (कॉल्विन शील्ड) टीम की ऑफिशियल ओपन सिलेक्शन ट्रायल के लिए विजेंद्र यादव व शमशेर सिंह को चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को निम्नलिखित मूल डॉक्यूमेंट साथ लाना जरूरी है :- कंप्यूटर जनरेटेड बर्थ सर्टिफिकेट (अनिवार्य), बोनाफाइड सर्टिफिकेट (अनिवार्य), पिछले तीन साल के स्कूल/कॉलेज की मार्क्स शीट, आधार कार्ड/वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/पैन कार्ड।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR

No.NIT/2026-27/2367-81 **निविदा सूचना /2026-27** Date:20.05.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रू.)	निविदा सूचना संख्या
Construction of Of Dr. Shyama Prasad Mukharji Model Convention Centre at Nohar, Hanumangarh. UBN: RRC2627WSOB00180	370.37 Lakh	ई-102/26-27
Electrification work in Auditorium Building at University of Kota. UBN: RRC2627WSOB00176	293.45 Lakh	ई-103/26-27
Construction of Main Entrance Gate & Guard Room at Medical College, Dausa.UBN: RRC2627WSOB00174	240.00 Lakh	अल्पकालीन ई-104/26-27

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

Udaipur City Transport Services Limited

Regd. Off: Udaipur Municipal Corporation, Town Hall Udaipur-313001, Rajasthan, India
Tel. 0294 2421255, Email Id : uctsl2016@gmail.com, ceoudr.lsg@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- UCTSL/2026-27/15 दिनांक :- 18/05/2026

ई- बोली आमन्त्रण सूचना संख्या ई 01/2026-27

उदयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, उदयपुर में मंत्रालयिक कार्यों हेतु कार्मिक एवं बसों में राजस्व संग्रहण हेतु परिचालक (दो वर्ष के लिये) उपलब्ध कराने के कार्य हेतु प्लेसमेंट ऐजेन्सी/उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत राशि 638.04 लाख रु. है। बिड से संबंधित विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा की प्रारंभ तिथि 19.05.2026 अंतिम तिथि 03.06.2026 एवं निविदा खुलने की तिथि 03.06.2026 है। UBN : UNP2627SLOB00032

राज.संवाद/सी/26/3158 प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी

Municipal Council Dholpur

No. – 1700-03 Date- 19.05.2026

Notice Inviting Tender E- 06-13

N.I.T. is invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Council Dholpur for VAIRIOUS work from Registered Contractor the amount of work is between 3 lacs to 40 lacs and UBN No. are has under.

UBN No- DLB2627SSOB05139, DLB2627SSOB05143, DLB2627SSRC05132, DLB2627SSRC05140, DLB2627SSRC05144, DLB2627SSRC05145, DLB2627SSRC05146, DLB2627SSRC05147, DLB2627SLRC05150, DLB2627SLRC05151, DLB2627SLRC05152, DLB2627SLRC05153, DLB2627SLRC05155, DLB2627GSRC05157, DLB2627SLRC05158, DLB2627SLRC05159

For detail visit www.sppp.rajathan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in

Commissioner
Raj.Samwad/C/26/3252 Municipal Council Dholpur

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड निवाई

क्रमांक- 576-85 दिनांक- 15.05.2026

निविदा सूचना संख्या- 05/2026-27 खण्ड निवाई

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड निवाई में सडक निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" "बी" "सी" "डी" श्रेणी के संवेदकों क समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE- PWD2627A0580, 1. PWD2627WSOB02634, 2. PWD2627WSOB02635

अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/8864/2026 सा.नि.वि. खण्ड निवाई

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण जालोर

क्रमांक : एफ ()/ निविदा/2026-27/359 दिनांक-15.05.2026

NOTCE INVITING BID NIT NO 17/2026-27

Bids for NRM Works Under MJSA 2.2 project area in Raniwara of estimated Value INR 47.28 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 25-05-2026, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://Sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIT NO.	Work Name & Block	NIB NO.	UBN NO.
NIT-17/2026-27	Rooftop Tanka (Raniwara)	WSC2627A0239	WSC2627WSRC00384

(Laxman Singh Sandu)
SE & PM WDSC, JALORE
DIPR/C/8930/2026 DDO CODE NO. 28606

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम) रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर

क्रमांक-एफ ( ) स्टोर/उवसं/प्रथम/2026-27/3656 दिनांक-18.05.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 08/2026-27

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम) रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर की ओर से राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अद्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से अभयारण्य क्षेत्र (रणथम्भौर बाघ परियोजना, प्रथम) के अन्तर्गत Construction of Ganeshdham entry gate Distt-Sawai Madhopur कार्य (अनुमानित लागत 100.00 लाख रू.) हेतु वर्ष 2026-27 के लिए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें दिनांक 18.05.2026 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 04.06.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिन्हें दिनांक 05.06.2026 को नियमानुसार खोला जावेगा।

निविदा की शर्ते आदि का विवरण लोक उपापन/ई-टेण्डर की वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB CODE- FOR2627A0299, UBN CODE- FOR2627WSOB00380

उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक
(प्रथम) रणथम्भौर बाघ परियोजना
DIPR/C/8859/2026 सवाई माधोपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर

क्रमांक-अअ/सांचौर/2026-27/229 दिनांक-19.05.2026

निविदा सूचना संख्याः 02 वर्ष 2026-27

NIB NO. PWD2627A0602

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क मरम्मत कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों,